# प्रेस नोट 29 / 04 / 2025

**तमन्चा व कारतूस के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.04.2025 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बरबोझी मार्ग से एक अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र शिवचन्द प्रसाद निवासी फैजुल्लाहपुर थाना कोपगंज जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 185/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1. मनीष कुमार पुत्र शिवचन्द प्रसाद निवासी फैजुल्लाहपुर थाना कोपगंज जनपद मऊ ।

**बरामदगी–**

1. एक अदद नाजायज तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर ।

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 प्रवीण सिंह
2. हे0का0 सुरेन्द्र यादव
3. का0 अभिषेक यादव
4. का0 रामबहादुर
5. का0 चन्दन कुमार थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ ।

**03 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

आज दिनांक 29.04.2025 को थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान 03 नफर वारण्टी अभियुक्तगण रूपेश सिंह पुत्र उदय सिंह , राहुल सिंह पुत्र श्यामसुन्दर सिंह, जशवीर सिंह पुत्र अमृत सिंह निवासीगण अबदडिया हरिपरा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।